हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 12 जून 2025


तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री


22 तीन महीने का अंगूठा, लेकिन दिया जा रहा दो महीने का ...



22 आंबा केंद्र का लोकार्पण, बच्चों को गुलाल...






CAN'T HIDE THAT'S PRIDE
शाश्वत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार
प्रवेश प्रारम्भ
के.जी.1 से 12वीं
(साईन्स, आर्ट्स, कामर्स, कृषि विज्ञान)
अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम
शाश्वत में आइये और टॉपर बन जाइये...

लुभी साहू
कक्षा 12वीं
97%
छत्तीसगढ़ टॉप टेन में 4था स्थान प्राप्त करने पर बहुत-बहुत बधाई

| सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन | |
|---|---|
| भौतिक शास्त्र | 100 अंक |
| जीवविज्ञान | 100 अंक |
| रसायन शास्त्र | 97 अंक |
| हिन्दी | 96 अंक |
| अंग्रेजी | 92 अंक |



नि:शुल्क वाहन सुविधा - लोकल बलौदाबाजार, लटुवा, रिसदा, कुकुर्दी, बम्हनमुड़ी संपर्क : 9111002360, 9111002362, 6268089459



# NEET/JEE के लिए भिलाई सुपर 30 में प्रवेश प्रारंभ-आनंद कुमार

जो छात्र NEET व JEE की तैयारी करना चाहते है उनके लिए एक सुनहरा अवसर है कि सुपर 30 भिलाई में नामांकन टेस्ट प्रारंभ हो गया है। इसमें 30 छात्रों को निःशुल्क NEET व JEE की तैयारी करवाया जाएगा, जिसका चयन प्रक्रिया ऑनलाईन व ऑफ लाइन परिक्षा के माध्यम से होगा। 30 चयनित छात्रों को आनंद कुमार के मार्गदर्शन में NEET व JEE का तैयारी करवाया जाएगा इसमें IITians डॉक्टर व एक्सपर्ट शिक्षकों के द्वारा पढ़ाया जाएगा, जिसमें 6 घंटो का क्लास प्रत्येक रविवार को NEET व JEE पर आधारित टेस्ट लिया जाएगा।

दिसंबर से सप्ताह में 3 टेस्ट व अप्रैल में प्रत्येक दिन टेस्ट लिया जाएगा। पिछले वर्ष 30 छात्रों में से 16 छात्रों का चयन हुआ, इस वर्ष 22 से अधिक छात्रों का चयनित होने की संभावना है। यह संस्था पूरे



भारतवर्ष में एकलौती संस्था है। एक नही तीन बार शत प्रतिशत छात्र चयनित हुए है। इसमें सभी वर्ग के लोग आवेदन कर सकते है। यह परिक्षा 12 व 13 जून को ऑनलाईन व ऑफलाइन होगा व परिणाम 14 जून को घोषित होगा।

इस तैयारी का मुख्य उद्देश्य ऐसे छात्रो का चयन करवाना है जो पैसो के आभाव में डॉक्टर व इंजीनियर बनने का अपना सपना पूरा नही कर पाते। यह एक समाजिक पहल है, जो छत्तीसगढ़ वासियों के लिए वरदान साबित होगा, क्योंकि सुपर 30 से कई बार पूरे के पूरे छात्र चयनित हुए है। अब आनंद सर के मार्गदर्शन से छत्तीसगढ़ वासियों को यह सुविधा मिल रहा है **अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नं. 9243226707, 9202581591, 7415295273 पर संपर्क कर सकते हैं।**

ADVT.


## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर पलटने से एक की मौत

**महासमुंद।** ट्रैक्टर पलटने से उसमें बैठे युवक की मौत हो गई। सांकरा पुलिस को उत्तर कुमार पटेल ने बताया कि 10 जून को उसका पुत्र गोपेश पटेल शाम करीब 4 बजे घर से कौशल बंजारा के साथ जाने की बात कहकर निकला था। रात को मोबाईल से उसे सूचना मिली कि एनएच 53 रोड चैनडीपा के पास एक व्यक्ति की एक्सीडेंट हुआ है। जिस पर प्रार्थी शंका के आधार पर सीएचसी पिथौरा अस्पताल पहुंचा जहां जाकर देखा कि मृतक उसका पुत्र है। पूछताछ करने पर पता चला कि उसका पुत्र बिना नंबर के ट्रैक्टर में बैठकर ड्रायवर के साथ जा रहा था। ट्रैक्टर के चालक ने एनएच 53 रोड चैनडीपा के पास अपने तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर ट्रैक्टर को पलटा दिया, जिससे उसके पुत्र को गंभीर चोट आई और उसकी मौत हो गई। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### मारपीट करने वाले चार लोगों पर अपराध दर्ज

**महासमुंद।** सरायपाली में एक युवक के साथ मारपीट करने के मामले में चार लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को कृष्णा बाघ निवासी वार्ड नंबर 11 बाजारपारा सरायपाली ने बताया कि 9 जून की रात करीब 9 बजे बस से सरायपाली शीतला मंदिर के पास से उतरा था, उसी समय रूपेश यादव मोटर सायकल से आया जिसके साथ वह बैठकर महलपारा बांधा तालाब के पास गया। जहां पर रूपेश यादव पुरानी रंजिश वश उसे गाली देकर जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा, तभी टिकेश्वर राव ऊर्फ टिकू, जीवन कौर, मुकेश राव तथा उसके मोहल्ले के लोग डंडा, राड लेकर आये और सभी ने मिलकर मारपीट की। बेहोश होने पर इलाज के लिए शासकीय अस्पताल सरायपाली ले जाया गया। इसके बाद उसने जिला अस्पताल महासमुंद से इलाज कराया। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### दो लोगों से कच्ची शराब बरामद

**महासमुंद।** ग्रामीण इलाके में हो रही अवैध शराब बिक्री के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। आबकारी विभाग ने मंगलवार को अखराभाठा टुकड़ा निवासी सूरज बारीक के कब्जे से 30 बल्क लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब और शराब परिवहन में प्रयुक्त टीवीएस स्कूटी जूपिटर जब्त की। वहीं, ग्राम बेलडीही पठार निवासी चंद्रमणि मिरी के कब्जे से 15 बल्क लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 46(1), 46(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

समस्या : बिजली विभाग की लापरवाही आयी सामने, दो-तीन महीने से बनी समस्या

# 24 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

थाना, तहसील, बैंक व ग्रामीण क्षेत्रों में बीते 24 घंटों से बिजली की आपूर्ति ठप है, जिससे ग्रामीण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। गर्मी और उमस भरे मौसम में बिजली की अनुपस्थिति ने लोगों को रातभर सोने नहीं दिया, वहीं दिनभर बिजली बंद रहने से पेयजल की गंभीर समस्या भी उत्पन्न हो गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही के चलते यह समस्या बीते दो-तीन महीनों से लगातार बनी हुई है। विभाग के अधिकारी हर बार यही कहकर टाल देते हैं कि दो दिन में समस्या ठीक हो जाएगी, लेकिन आज तक कोई ठोस समाधान नहीं किया गया।

### मेंटेनेंस के नाम पर घंटों कटौती

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग समय-समय पर मेंटेनेंस के नाम पर 5 से 10 घंटे तक बिजली कटती है, लेकिन उसके बाद भी समस्या जस की तस बनी रहती है। अब जबकि मानसून भी आने वाला है, ऐसे में मेंटेनेंस के नाम पर की जा रही कटौती लोगों के लिए मुसीबत बन चुकी है।

### छोटे गांवों में बेहतर स्थिति, सुहेला जैसे क्षेत्रों में ही समस्या

सुहेला क्षेत्र जहां बिजली कार्यालय स्थित है, वहां ही सबसे अधिक बिजली कटौती देखने को मिल रही है, जबकि अन्य ब्लॉकों और गांवों में बिजली आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। यह भेदभावपूर्ण स्थिति ग्रामीणों में आक्रोश पैदा कर रही है।



### इंक्वायरी करता हूं

बिजली बिना कारण या किसी लापरवाही से बंद होती होगी, तो उसमें सुधार लाने की कार्यवाही कराते हैं समस्या के बारे में इंक्वायरी करता हूं।

पी. अनंत
एसीजी, बिजली विभाग

### ऑनलाइन पढ़ाई और बैंकिंग सेवाएं ठप

*बिजली कटौती का असर सिर्फ घरों तक सीमित नहीं है। बैंक, तहसील कार्यालय और विद्यार्थियों की ऑनलाइन पढ़ाई पर भी इसका बुरा असर पड़ा है। परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को खासा नुकसान उठाना पड़ रहा है।*

### खुले ट्रांसफॉर्मर बन सकते हैं हादसे की वजह

*ग्रामीणों ने यह भी बताया कि कई जगहों पर ट्रांसफॉर्मर और सर्किट खुले पड़े हैं, जो मवेशियों के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं। प्रशासन से इनको सुरक्षित करने की मांग की गई है।*

### ग्रामीणों की मांग : जल्द हो समाधान

*ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बिजली समस्या का स्थायी समाधान जल्द किया जाए, ताकि भीषण गर्मी और बारिश के मौसम में लोगों को राहत मिल सके। ग्रामीण लेखु ने बताया कि सुहेला में बिजली बंद से त्रस्त है। यहां बिजली ऑफिस है, फिर भी बिजली बंद होती है, बिल वसूलने के लिए विभाग 1 रुपया भी कम नहीं करता है। बिजली 24 घंटे रहना चाहिए। समस्या निवारण के लिए प्रशासन ध्यान दें।*

# शराब पीकर वाहन चलाते 26 चालक पकड़ाए, 2.60 लाख अर्थदंड वसूला गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। 10 जून न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 26 वाहन चालकों पर 2.60 लाख अर्थदंड वसूल किया गया। कुल 26 प्रकरणों में शराब पीकर वाहन चलाने वालों को 10-10 हजार अर्थदंड से दंडित किया गया। यह कार्रवाई ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से यातायात शाखा बलौदाबाजार, भाटापारा एवं सिमगा में चेकिंग के दौरान की गई।

जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई करने यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जब्त करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। चेकिंग अभियान में यातायात शाखा बलौदाबाजार भाटापारा एवं सिमगा में ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 26 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया।

पुलिस द्वारा इन सभी प्रकरणों में चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए इनके वाहन जब्त कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# समाधान अभियान में 305 मोबाइल पुलिस ने किया रिकवर

**बलौदाबाजार।** पुलिस ने समाधान अभियान चलाकर 305 नग मोबाईल रिकवर किया है। इसमें लगभग 45 लाख रुपये से भी अधिक कीमत मूल्य के विभिन्न कंपनियों के मोबाइल रिकवर किये गए हैं। पुलिस टीम द्वारा जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, कोरबा, महासमुंद, रायपुर, अंबिकापुर आदि जिले से मोबाइल रिकवर को किया गया। अभियान में उड़ीसा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश एवं बिहार से भी मोबाइल रिकवर किया गया है। जिले के विभिन्न थानों में दर्ज हुई थी मोबाइल गुमने की रिपोर्ट जिसे रिकवर कर उनके मालिकों के सुपूर्द किया गया। गुम मोबाईल के मिलने की आस छोड़ बैठे लोगों ने मोबाईल वापस मिलने पर पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया। जिले के विभिन्न थानों में विगत कुछ समय से



दर्ज मोबाइल गुमने की रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुये सायबर एवं सीसीटीएनएस की टेक्निकल टीम को समाधान अभियान चलाकर गुम हुए मोबाइलों को रिकवर करने ▶▶ शेष पेज 22 पर

# महिला के पेट से निकाला गया 6.5 किलो का ट्यूमर

**बलौदाबाजार।** पेट दर्द से परेशान महिला के पेट से 6.5 किलोग्राम का गोला निकाला गया । मिली जानकारी अनुसार महिला पेट दर्द से वर्षों से परेशान थी और वह ग्रामीण स्तर पर ही इलाज करा और गैस की दवाई खा परेशान हो चुकी थी। ऐसे में आशा की किरण बनकर उसके जीवन में डॉ. खुशबू बाजपेयी आयी, जिसने उसकी गरीबी और उसके दर्द को समझ उसका चेकअप किया और जहां पता चला की पेट के अंदर बड़ा गोला है। तब डा. बाजपेयी ने अपने टीम के साथ तत्काल मरीज को उसकी जानकारी

■ बाजपेयी नर्सिंग होम में हुआ आपरेशन



देकर सफल आपरेशन कर 6.5 किलोग्राम का गोला निकाल नयी जिंदगी दी। आज नया जीवन पाकर महिला खुश है। विदित हो कि बलौदाबाजार के बाजपेई नर्सिंग होम में लगातार ग्रामीण क्षेत्र के गरीब मरीजों का विशेष स्वास्थ्य चेक अप समय समय पर निशुल्क किया जाता है, जिससे लोगों का विश्वास भी डा. बाजपेयी परिवार के प्रति बढ़ रहा है। डॉ. खुशबू बाजपेयी ने बताया कि महिला काफी परेशान थी, आर्थिक स्थिति भी सही नहीं थी, इस वजह से वह ग्राम में ही दर्दनिवारक गोली के साथ गैस की दवाइयां ले रही थी, ऐसे में वह मेरे पास आई चेक किया तो गोला था, जिसका आपरेशन किया गया। 6.5 किलो मांस का गोला निकाल दिया गया है। साथ ही बच्चा दानी को भी निकाला गया और अब मरीज पूरी तरह स्वस्थ है। मैं अपील करना चाहूंगी यदि वाकई ज्यादा परेशानी हो तो एक्सपर्ट चिकित्सक से जांच करवाये।

केंद्र की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने 13 और 14 जून को प्रत्येक शक्ति केन्द्र में लगेगी चौपाल

# भाजपा मंडल ने मोदी सरकार की गिनाई 11 उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंध

भाजपा मंडल नवापारा हथबंद की बैठक मोहभट्ठा के समुदायिक भवन में भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दौलत राम पाल की अध्यक्षता में हुई। इस मौके पर दिनेश चवरे सरपंच संघ अध्यक्ष, करण वर्मा भाजयुमो अध्यक्ष, गोपाल शुक्ला जनपद उपाध्यक्ष, मोहन धीगड़े पूर्व जनपद अध्यक्ष के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुई। कार्यक्रम में मोहन धीगड़े, गोपाल शुक्ला ने कहा की 2014 के बाद देश में परिवर्तन आया है, मोदीजी के आने के बाद देश मजबूत हुआ है।

स्वच्छता की ओर लोगों का झुकाव बढ़ा है। आज हर घर शौचालय का निर्माण हुआ है। प्रधानमंत्री आवास से लोगों का घर पक्का बन रहा है। हर घर नल जल योजना, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड से गरीबों का इलाज मोदी राज में ही सम्भव हुआ है। आज भारत विश्व की सबसे चौथी अर्थव्यवस्था



वाला देश बना है। राम मंदिर निर्माण, धारा 370 की समाप्ति, तीन तलाक जैसे वर्षों पुराना समस्या भी मोदी सरकार आने के बाद सुलझायी गई है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दौलत राम पाल ने बताया कि मोदीजी की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने ले किए 13 और 14 जून को प्रत्येक शक्ति केन्द्र पर जन चौपाल का आयोजन होगा। 21 जून को विश्व योग दिवस तथा 23 जून को श्याम प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप प्रत्येक बूथ पर मनायी जाएगी। 25 जून को आपातकाल के विषय में संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। डॉ. दौलत राम पाल अध्यक्ष जनपद सिमगा, उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, करण वर्मा, सरपंच संघ के अध्यक्ष दिनेश चवरे, मोहन धीगढे, सरपंच विक्की वर्मा, ईश्वरी मारखंडे पूर्व सरपंच, सरोज साहू, गोरदी सरपंच, जीवन साहू, जनपद प्रतिनिधि धनी राम रजक, नरेश अनंत सरपंच प्रतिनिधि, भीखम वर्मा, डमरू यदु, नारद वर्मा, कौशल कोसले, रोशन साहू, भावेश साहू, धन्ना निषाद, जीतू यादव, अशोक धीगढ़े, महेन्द्र साहू, मुलचंद टंडन, प्रकाश पाल सहित भाजपा कार्यकता उपस्थित थे।

# जिले के 4 निरीक्षक पदोन्नत उप पुलिस अधीक्षक बने



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के 4 निरीक्षक पदोन्नत होकर उप पुलिस अधीक्षक बने। इसमें निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे, रीना कुजूर, सी. तिर्की एवं गोपाल ध्रुर्वे शामिल हैं। पुलिस कार्यालय ने कार्यक्रम आयोजित कर पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी की।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कंधे पर स्टार लगाकर एवं कैप पहनाकर उप पुलिस अधीक्षक बनने की बधाई दी।

पुलिस कार्यालय बलौदाबाजार में निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे, रीना कुजूर, सी.तिर्की एवं गोपाल ध्रुर्वे के उप पुलिस अधीक्षक के पद पर विभागीय पदोन्नति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा योगिताबाली खापर्डे, रीना कुजूर, सी.तिर्की एवं गोपाल ध्रुर्वे के कंधे पर तीन-स्टार लगाकर एवं कैप पहनाकर ▶▶ शेष पेज 22 पर




संकलनकर्ता - दलजीत सिंह चावला, ब्यूरो चीफ, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, समाचार (प्रतियां), समाचार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें....मो. 9926204007 सहयोगी- डेनिश साहू, संवाददाता लाहोद










संकलनकर्ता- शंकर सिंह राजपूत,संवाददाता मो.- 9826123186, परमेश्वर वर्मा, मो.- 7987665508, हिरमी


जीवेत शरदः शतम्
ग्राम पंचायत सरकीपार
सरल, सहज, मृदुभाषी, मिलनसार व्यक्तित्व के धनी राजस्व मंत्री माननीय
टंकराम वर्मा जी को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
12 जून
महेश्वरी वर्मा
सरपंच
बिन्देश्वरी वर्मा
उपसरपंच
करीम अली खान
सचिव
राकेश वर्मा
सरपंच प्रतिनिधि
हेमपुष्पा टंडन
पंच वार्ड क्र. 01
कुलेश्वर ध्रुव
पंच वार्ड क्र. 02
नीतू ध्रुव
पंच वार्ड क्र. 03
अनुसुईया साहू
पंच वार्ड क्र. 04
संतराम घृतलहरे
पंच वार्ड क्र. 05
मंजू पुरेना
पंच वार्ड क्र. 06
यामिनी माण्डले
पंच वार्ड क्र. 07
राजेन्द्र वर्मा
पंच वार्ड क्र. 09
अनिल ध्रुव
पंच वार्ड क्र. 10
दामेन्द्र वर्मा
पंच वार्ड क्र. 11
शांतिलाल पात्रे
पंच वार्ड क्र. 12
रेखा बाई ध्रुव
पंच वार्ड क्र. 13
माननीय टंकराम वर्मा
राजस्व मंत्री, छ.ग. शासन


जनसेवा के संकल्प के साथ, विकास के पथ पर...
जीवेत शरदः शतम्
12 जून
मा. टंकराम वर्मा जी
मंत्री- खेलकूद एवं युवा कल्याण,
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन
सरल, सहज, मिलनसार, मृदुभाषी, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत, माटीपुत्र बलौदाबाजार विधानसभा के लोकप्रिय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री
मा.टंकराम वर्मा जी को जन्मदिन की बधाई...
शुभेच्छु :
राकेश ध्रुव
मण्डल अध्यक्ष बलौदाबाजार शहर
रवि वर्मा
मण्डल अध्यक्ष बलौदाबाजार ग्रामीण
दौलत पाल
मण्डल अध्यक्ष हथबन्द नवापारा
नरसिंग वर्मा
मण्डल अध्यक्ष तिल्दा ग्रामीण
मनोज निषाद
मण्डल अध्यक्ष तिल्दा शहर
हेमंत बघमार
मंडल अध्यक्ष सुहेला
संकलनकर्ता: दलजीत सिंह चावला, ब्यूरो चीफ, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, समाचार (प्रतियां), समाचार, विज्ञापन हेतु संपर्क करे...मो.: 9926204007


जीवेत शरदः शतम्
चितावर जायसवाल
पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष
बलौदाबाजार
गौरीशंकर अग्रवाल
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष
छ.ग. शासन
जिला पंचायत अध्यक्ष
श्रीमती आकांक्षा गोलू जायसवाल जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई..!
शुभकामनाएँ..!
12 जून
श्रीमती आकांक्षा गोलू जायसवाल जी
जिला पंचायत अध्यक्ष
बलौदाबाजार-भाटापारा
डेनिश साहू
सरपंच
ग्राम पंचायत खम्हारडीह
किशोर कुमार साहू (बानू)
सरपंच
ग्राम पंचायत लाहोद
संजय कुमार कुर्रे
सरपंच
ग्राम पंचायत डोटोपार
सतीश डहरिया
सरपंच
ग्राम पंचायत गिंदोला
संकलनकर्ता: दलजीत सिंह चावला, ब्यूरो चीफ, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, समाचार (प्रतियां), समाचार, विज्ञापन हेतु संपर्क करे...मो.: 9926204007, सहयोगी : डेनिश साहू, संवाददाता लाहोद








संकलनकर्ता: दलजीत सिंह चावला, ब्यूरो चीफ, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, समाचार (प्रतियां), समाचार, विज्ञापन हेतु संपर्क करे...मो.: 9926204007


मा. नरेन्द्र मोदी
मा. अमित शाह
मा. विष्णुदेव साय
मा. किरण देव
मा. अरूण साव
मा. विजय शर्मा
मा. श्याम बिहारी जायसवाल
मा. आकांक्षा जायसवाल
मा. गीता डोमन वर्मा
मा. वेदेश्वरी त्रिलोक यादव
जीवेत शरदः शतम्
सरल, सहज, मृदुभाषी, मिलनसार व्यक्तित्व के धनी
मा. टंकराम वर्मा जी
मंत्री, खेलकूद एवं युवा कल्याण
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग (छ.ग. शासन)
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
12 जून
मा. टंकराम वर्मा जी
मंत्री, खेलकूद एवं युवा कल्याण
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग (छ.ग. शासन)
श्रीमती कविता भगेला ध्रुव
सरपंच ग्रा.पं. अर्जुनी
विष्णु साहू (पूर्व सैनिक)
उपसरपंच ग्रा.पं. अर्जुनी
राजेश साहू
सचिव ग्रा.पं. अर्जुनी
विनोद सोनी
रोजगार सहायक ग्रा.पं. अर्जुनी
सुखराम ध्रुव
सरपंच प्रतिनिधि ग्राम सभा अर्जुनी
पंच, वार्ड क्र. 01
पंच, वार्ड क्र. 02
पंच, वार्ड क्र. 04
पंच, वार्ड क्र. 05
पंच, वार्ड क्र. 06
पंच, वार्ड क्र. 07
पंच, वार्ड क्र. 08
पंच, वार्ड क्र. 09
पंच, वार्ड क्र. 10
पंच, वार्ड क्र. 11
ग्राम पंचायत अर्जुनी
जनपद पंचायत बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)


विजय यादव
पूर्व मण्डल अध्यक्ष
मण्डल अध्यक्ष लवन
प्रशांत यादव
भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री
मा. टंकराम वर्मा जी
मंत्री, खेलकूद एवं युवा कल्याण राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग (छ.ग. शासन)
एवं
जिला पंचायत अध्यक्ष
श्रीमती
आकांक्षा जायसवाल
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई..!
शुभकामनाएँ..!
मा. टंकराम वर्मा जी
मंत्री, खेलकूद एवं युवा कल्याण
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग
श्रीमती आकांक्षा जायसवाल जी
जिला पंचायत अध्यक्ष
बलौदाबाजार-भाटापारा
श्रीमती शांति देवी कोशले
जनपद सदस्य क्षेत्र क्र. 6 बलौदाबाजार
श्री मोहन कुमार बंजारे
सरपंच संघ अध्यक्ष बलौदाबाजार
श्रीमती भवानी ईश्वर पटेल
उपसरपंच ग्राम पंचायत सरखोर
श्री मनोज कुमार धृतलहरे
सचिव, ग्राम पंचायत सरखोर
पंचगण
गनी बाई भारद्वाज
आरती देवी नारंगे
दूजराम टण्डन
राजेश्वरी विश्वकर्मा
भुनेश्वरी कुर्रे
जितेन्द्र कुमार कुर्रे
जानकी बाई धृतलहरे
शिवकुमार चेलक
तिरिथ बाई
हरिशंकर पटेल
संगीता लक्ष्मी पटेल
गंगा बाई पटेल
रमन कुमार साहू
विरेन्द्र कुमार दिनकर
हरपाल जोशी
निकराम पटेल
राजेश कुमार पटेल
लक्ष्मी यादव
विनीत : समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत सरखोर


जीवेत शरदः शतम्
12 जून
माननीय श्री टंक राम वर्मा
खेल एवं युवा कल्याण राजस्व व आपदा प्रबंधन
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती आकांक्षा गोलू जायसवाल
अध्यक्ष जिला पंचायत बलौदा बाजार
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं...
विनीत : वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी-बलौदाबाजार


मा. टंकराम वर्मा जी
मंत्री, खेलकूद एवं युवा कल्याण राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग (छ.ग. शासन)
एवं
जिला पंचायत अध्यक्ष
श्रीमती
आकांक्षा जायसवाल
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई..!
शुभकामनाएँ..!
मा. टंकराम वर्मा जी
मंत्री, खेलकूद एवं युवा कल्याण
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग
12 जून
श्रीमती आकांक्षा जायसवाल जी
जिला पंचायत अध्यक्ष
बलौदाबाजार-भाटापारा
श्री गीताराम रजक
सरपंच ग्राम पं. कारी
श्री संतोष वर्मा
उपसरपंच प्रतिनिधि ग्राम पं. कारी
श्री मनोज मारकंडेय
सचिव ग्राम पं. कारी
श्रीमती कावेरी संतोष वर्मा
उपसरपंच ग्राम पं. कारी
पंचगण
लताबाई वर्मा
मीना बाई वर्मा
पम्पा साहू
खुलेश्वरी डहरिया
ऋषि पटेल
घनसाय डहरिया
सुंदर सिंह राजपूत
जनारदन वर्मा
मीना बाई वर्मा


12 जून
बलौदाबाजार विधानसभा के लाडले विधायक, केबिनेट मंत्री छ.ग. शासन एवं वरिष्ठ समाजसेवी
टंक राम वर्मा जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
मनोज निषाद
नरसिंह वर्मा
ईश्वर यदु
भागबली साहू
केयूर भूषण
टेकराम यादव
सौरभ जैन
गुहा राम चक्रधारी, अमरजीत पासवान, द्रोण बघमार , राजू निषाद, दिनेश पंजवानी, संतोष साहू , गणेश शर्मा, शिवधारी साहू, सचिन संघारे, दशरथ साहू , आदर्श वर्मा, मनोज साहूरोशन शर्मा, असुदामल खूबवानी, मुरली रिझवानी, चरण जगड़े, गौरी वर्मा, सनी बजाज, खुमान वर्मा, मुन्नीगिरी गोस्वामी, शिव वर्मा, शेखर यदु, रामखिलावन राजपूत, अनिल निर्मलकर
विनीत : समस्त शहर भाजपा मंडल, तिल्दा शहर एवं ग्रामीण
संकलनकर्ता - रमेश अग्रवाल मो. 9329217200, दिलीप वर्मा मो. 9424211900, 8120003500 संवाददाता हरिभूमि तिल्दा नेवरा













संकलनकर्ता - दलजीत सिंह चावला, ब्यूरो चीफ, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, समाचार (प्रतियां), समाचार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें....मो. 9926204007







संकलनकर्ता - मिथलेश वर्मा, संवाददाता हरिभूमि, सुहेला मो. 9425257408




संकलनकर्ता - राकेश श्रीवास हरिभूमि संवाददाता सिमगा मो. 9589914433 , 9300696088




संकलनकर्ता : मिथलेश वर्मा, संवाददाता हरिभूमि सुहेला, मो. 9425257408

## खबर संक्षेप

### जिपं अध्यक्ष आकांक्षा का जन्म दिन आज



**बलौदाबाजार।** जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल का जिला पंचायत अध्यक्ष बनने के उपरांत प्रथम जन्म दिवस 12 जून को जिले के कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया जाएगा। इसके लिए कार्यकर्ताओं ने स्थान का नाम तय किया है, जिसमें ग्राम भारसेला, खजुरी, जिला पंचायत सभा कक्ष, षष्ठी मंदिर परिसर, जिला ऑडिटोरियम, ग्राम मोहतरा और तराशिव शामिल हैं।

## निधन

### रामचरण बघेल



**पलारी।** तेलसीपुरी धाम निवासी रामचरण बघेल 87 वर्ष का बुधवार को निधन गया है। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया है। वे शिवदयाल बघेल, कुंजलाल बघेल, वंशराज बघेल के पिता थे।

### चैतीबाई यादव



**बलौदाबाजार।** नगर के पहंदा रोड निवासी (गुड्डू होटल) लक्ष्मण यादव एवं भरत यादव की माता चैतीबाई यादव का बुधवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निज निवास पहंदा रोड से रायपुर रोड शमशान घाट के लिए गुरुवार सुबह 10 बजे निकाली जाएगी।

## पेज 11 के शेष

### समाधान अभियान में...

हेतु निर्देशित किया। जिस पर सायबर सेल एवं सीसीटीएनएस की टीम ने विशेष अभियान के तहत जिले के विभिन्न थानों में दर्ज गुम मोबाइल की रिपोर्ट पर कई दिनों के अथक प्रयास, लगन एवं मेहनत से खोजबीन करते हुए 305 नग गुम मोबाइलों को रिकवर करने में सफलता प्राप्त हुई है। रिकवर किये गये विभिन्न कंपनियों के मोबाइल की अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 45,00,000 रूपये है। अभियान में पुलिस टीम द्वारा जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, कोरबा, महासमुंद, रायपुर, रायगढ़, अंबिकापुर, सूरजपुर, खैरागढ़ आदि जिलों के सांथ-सांथ दीगर राज्य उड़ीसा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश एवं बिहार से भी मोबाइल रिकवर किया गया है। 10 जून को 12 बजे पुलिस अधीक्षक श्रीमति भावना गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, उप पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार तुलसी लेकाम एवं सुश्री अपूर्वा क्षत्रिय द्वारा समाधान कार्यक्रम के तहत पुलिस कम्युनिटी हॉल बलौदाबाजार में उक्त सभी मोबाइलों को उनके मालिकों के सुपूर्द किया गया। मोबाइल गुम होने पर उसके मिलने की आस खो चुके लोगों को उनका खोया हुआ मोबाइल वापस मिलने पर उन सभी के द्वारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित कर प्रसन्नता व्यक्त किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने चर्चा करते हुए बताया कि पुलिस का यह अभियान भविष्य में भी निरंतर चलता रहेगा। साथ ही उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को कहीं भी लावारिस मोबाइल पड़ा हुआ मिले या कोई व्यक्ति बिना रसीद के कम कीमत में मोबाइल उपलब्ध करा रहा है, तो ऐसा मोबाइल चोरी का अथवा किसी अपराध में उक्त मोबाइल का प्रयोग किया गया, हो सकता है। ऐसी परिस्थिति में तुरंत अपने निकटतम थाने में इसकी सूचना देकर एक सच्चे नागरिक होने का कर्तव्य निभावे। सांथ ही उन्होंने अपील किया कि, अपना मोबाइल सुरक्षित रखें। किसी व्यक्ति का मोबाइल पाने वाला, दीगर व्यक्ति मोबाइल का गलत उपयोग कर सकता है, इसलिए अपना मोबाइल संभाल कर रखें। मोबाइल रिकवर करने हेतु चलाए गए इस विशेष अभियान में प्रधान आरक्षक विनोद सिंह, आरक्षक सूरज राजपूत, प्रशांत दीवान, धर्मेंद्र यादव, कमलेश श्रीवास, नारायण देवांगन, हेमंत पटेल, सत्यम यादव एवं उमेश वर्मा का विशेष योगदान रहा।

### जिले के 4 निरीक्षक...

उप पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण कर सभी को शुभकामनाएं दी गई। वर्तमान में योगिताबाली खापर्डे थाना प्रभारी कसडोल, रीना कुजूर पुलिस कार्यालय बलौदाबाजार, सी.तिर्की प्रभारी अजाक एवं गोपाल ध्रुर्वे थाना प्रभारी गिधपुरी में पदस्थ है। इस दौरान पदोन्नति कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात, निरीक्षक अजय झा थाना प्रभारी सिटी कोतवाली, निरीक्षक प्रणाली वैद्य, स्टेनो मनीष चौबे उपस्थित थे।

## गड़बड़ी : उपभोक्ताओं में नाराजगी, सर्वर समस्या से भारी परेशान

# तीन महीने का अंगूठा, लेकिन दिया जा रहा दो महीने का चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जून, जुलाई एवं अगस्त माह का राशन एक साथ जून में ही वितरित करने का निर्देश जारी किया गया है, लेकिन ज़मीनी स्तर पर इसके क्रियान्वयन में कई खामियां सामने आ रही हैं। सुहेला ग्राम की शासकीय उचित मूल्य दुकान में वितरण प्रक्रिया को लेकर ग्रामीणों में असंतोष है। ग्राम सुहेला शासकीय उचित मूल्य की दुकान में बीते तीन दिनों से राशन वितरण का कार्य जारी है। ग्रामीणों का आरोप है कि ऑनलाइन प्रणाली में अंगूठा तीन माह के लिए लिया जा रहा है, जबकि उन्हें मात्र दो महीने का ही चावल दिया जा रहा है। इस गड़बड़ी को लेकर हितग्राही बेहद नाराज हैं और इसे शासन के निर्देशों का उल्लंघन मान रहे हैं।





### लंबा इंतजार, कमजोर सरवर, बढ़ी समस्याएं

ग्रामीणों ने यह भी शिकायत की है कि राशन प्राप्त करने के लिए उन्हें सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक, यानी 4 से 5 घंटे तक लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। सिस्टम की सरवर समस्या के कारण 6 घंटे में केवल 25 से 26 लोगों को ही चावल दिया जा सका है। स्थानीय निवासी लक्ष्मी बाई ने बताया, हम लोग सुबह से आए हैं, लेकिन अब तक हमारा नंबर नहीं आया है। सरवर बार-बार डाउन हो रहा है, जिससे बहुत दिक्कत हो रही है।

### ग्रामीणों की मांग : मिलना चाहिए पूरा हक

ग्रामीणों ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि, जब तीन महीने के लिए अंगूठा लिया जा रहा है, तो चावल भी तीन महीने का दिया जाए। सरवर की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि वितरण प्रक्रिया तेज और सुचारु हो सके। ग्रामीण रुक्मणि ने बताया चावल के लिए आए है काम धाम छोड़कर 5 घंटे हो गए हैं सर्वर समस्या बता रहे हैं। ग्रामीण लक्ष्मी ने बताया 2 महीने का राशन दे रहे हैं अंगूठा 3 महीने का लगा रहे है हमें 3 महीने का मिलना चाहिए या फिर एक एक महीने का देवे। सुहेला विक्रेता पंकज साहू ने बताया 3 महीने का चावल दे रहे हैं तो एक व्यक्ति का छह बार फिंगर लगाना पड़ रहा है, जिसमें आधा घंटा लग जाता है 9 बजे से सोसायटी खुली हैं 2 बज रहे हैं। 25 कार्डधारियों का वितरण हो पाया है। 3 दिन हो गए वितरण चालू किए हुए। चावल 3 महीने का भी दे रहे हैं। कार्ड में लिखा हैं चाहो तो चेक सकते हो, अगर शक्कर चाहिए तो हर महीने आना पड़ेगा। सर्वर की समस्या की जानकारी अधिकारी को दिए हैं। एक ग्रुप बनता है पी डी एफ ग्रुप जब भी मशीन बंद होती है, तो जानकारी ग्रुप में चला जाता है सर्वर का मुख्य समस्या है। सर्वर ढंग से नहीं मिल पाता है। जिला बलौदाबाजार खाद्य विभाग के अधिकारी विजय किरण ने फोन से बताया कि एक्चुअली ले देकर वितरण हो रहा है। अभी ऐसा नहीं हो रहा होगा मैं देखता हूं, अभी 3 महीने का चावल दे रहे हैं। 6 बार अंगूठा लग रहा है। चावल 3 महीने का मिलेगा, रसीद भी लेना है। उसमें सारी जानकारी लिखी है। रसीद दुकानदार देगा, सबको शक्कर 1 महीने का मिलेगा, नमक 1 महीने का मिलेगा, लेकिन चावल 3 महीने का मिलेगा। उनको एपीएल को 1 महीने का मिलेगा, बीपएल को 3 महीने का मिलेगा। मैं आऊंगा चेक करता हूं। सर्वर का इशू इसलिए आ रहा है कि पूरे स्टेट का लोड आ गया है। 3 महीने के लिए 6 बार अंगूठा लग रहा है।

# कबीर दास सत्य और अहिंसा के पुजारी ही नहीं प्रेरणास्रोत भी थे : विधायक इंद्र




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

नगर के मानिकपुरी सामाजिक भवन में बुधवार को कबीर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विधायक इंद्र साव भी शामिल हुए। उन्होंने कबीर दासजी की प्रासंगिकता की व्याख्या करते हुए कहा कि कबीर दासजी सत्य और अहिंसा के पुजारी ही नहीं प्रेरणास्त्रोत भी थे। जिन्होंने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर सभी को चलना सिखाया। साथ ही उनके विचार को सभी को आत्मसात करना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने सभी सामाजिक बंधुओं को बधाई दी। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह, राजू भाटिया ने अपने निवास स्थान के सामने कबीर दासजी के छायाचित्र पर पुष्पांजली अर्पित कर उन्हें नमन किया। इससे पूर्व सर्व कबीर पंथी समाज सिमगा के महिला पुरुष एवं बच्चों द्वारा बाजे-गाजे के साथ कलश एवं शो भा या त्रा निकाली गई, जो प्रमुख रुप से तिल्दा मार्ग जयस्तंभ चौक होते हुए सामाजिक भवन में समाप्त हुई। तत्पश्चात चौका आरती, भजन कीर्तन, प्रसादी वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से मनोहर दास गुरुजी, ठाकुर दास, फिरंता दास, रमेश दास, केवल दास, देवेन्द्र दास मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

■ कबीर जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

# गर्मी ने दिखाया रौद्र रूप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

इस बार नौतपा में इतनी गर्मी नहीं लगी, जितनी वर्तमान में पड़ रही है। नौतपा के दौरान आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही, जिससे अधिक गर्मी का सामना नहीं करना पड़ा। नौतपा समाप्त होने पर सूर्य की तल्ख किरणें झुलसा रही है। गर्म हवाओं से दोपहर के समय बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। अधिक गर्मी से मौसमी बीमारियां भी पैर पसार रहीं हैं। चिलचिलाती धूप के कारण सड़कों पर अपने जरुरी काम निबटाने निकले लोग धूप में बेहाल दिखायी देते हैं। मौसम के मिजाज का असर स्वास्थ्य पर भी पड़ने लगा है। धूप इतनी तेज पड़ रही है कि जैसे आसमान से आग बरस रही हो। धूप से खुद को बचाने के लिए लोगा टोपी और गमछे का सहारा ले रहे हैं। कामकाजी लोगों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# सड़क सुरक्षा की पोल खोल रहा मुख्य मार्ग

**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।** रेत का अवैध उत्खनन, काला बाजारी खुलेआम रेतमाफियों द्वारा की जा रही है। ऐसे तत्व अपनी दबंगई का प्रयोग प्रशासनिक अधिकारियों और पत्रकारों पर भी करते रहे हैं, जिसकी खबर आये दिन अखबारों में देखने को मिलती है। इसी तरह सड़क सुरक्षा सप्ताह भी मनाया जाता है, किंतु मार्ग के किनारे रेत का भंडारन कर सड़कों पर 50 मीटर तक इस तरह बिखराकर गंभीर दुर्घटना को आमंत्रित करते हैं। इससे कोई भी दुर्घटना अचानक होती हैं, जिस पर कड़ी कार्रवाई करते हुए सड़क सुरक्षा मनाये जाना चाहिए, कि आम जनता को सड़क सुरक्षा के साथ-साथ रेत का अवैध उत्खनन और इसके माफियाओं की दबंगई से प्रशासनिक अधिकारी और पत्रकार भी प्रभावित नहीं होंगे।



# कचलोन में पाल समाज भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ग्राम पंचायत कचलोन में बुधवार को पाल समाज के भवन का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम में अनिल पांडे ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार हैं और मुख्यमंत्री विष्णु देव की सरकार में विकास तीव्र गति से चलता रहेगा। इस काम का भूमि पूजन करने भी मैं आया था और आज लोकार्पण करने भी आपके बीच में आया हूं। उन्होंने कहा पाल समाज के बहुत कम लोग यहां निवास करते हैं, लेकिन पूरे परिक्षेत्र के लोगों की मांग थी कि यहां पर पाल समाज का सामुदायिक भवन बनाना है। आज उन सबका सपना पूर्ण हुआ। पूर्व विधायक प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने भवन की स्वीकृति दिलाई और आज इस भवन का लोकार्पण हुआ। पांडे ने कहा नशा घर और जीवन को बर्बाद करता है। मान सम्मान प्रतिष्ठा को बर्बाद करता हैं, इसलिए आप सब अपने बच्चों एवं बड़ों को नशे से दूर रखें, तब कहीं जाकर पाल समाज एक आदर्श समाज के रूप में नजर आएगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि होली के दूसरे दिन पाल समाज की बड़ी बैठक होती है और उस बैठक में कोई भी किसी भी प्रकार का नशा करके उपस्थित नहीं होता, यह समाज की एकता को दर्शाता हैं। उन्होंने कहा कि सुशासन त्यौहार के माध्यम से जनता की समस्या का समाधान करना विष्णु देव सरकार की बड़ी उपलब्धि है।मुख्यमंत्री मैदानी ही नहीं नक्सली क्षेत्र में भी चौपाल लगाकर जनता की समस्याओं को जानने के साथ निराकरण करने का भी उन्होंने प्रयास किया। पांडे ने प्रज्ञापीठ गायत्री परिवार की मांग पर उनके सामुदायिक भवन बनाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री छोटू, मंत्री निषाद, बिसाहू साहू, नीलकमल निषाद, परीव्रत मिश्रा, नरेश दिवाकर, विश्वनाथ पाल, सरपंच शादाब खान, उपसरपंच पंच एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



# क्षेत्र में प्रस्तावित स्पंज आयरन संयंत्रों का गांवों में विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

बहुजन आंदोलन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने बताया कि तिल्दा क्षेत्र में प्रस्तावित स्पंज आयरन के संयंत्रों का क्षेत्र के लगभग सभी गांव में विरोध हो रहा है एवं किसान एकजुट हो रहे है। तिल्दा के आस पास ग्राम कुंदरू, खम्हरिया, नकटी, बहेसर, किरना, टड़वा, बैकुंठ, सरोरा, लखना, अल्दा, बरतोरी, चांपा, गैतरा, गनियारी, जलसो, जोता, खपरी, कोनारी, मोहदी, मोहरेंगा, सुंगेरा, आदि गांवों में संयंत्रों के लिए जमीन खरीदी हो गई है। कुछ गांव में सरपंच द्वारा एनओसी भी जारी कर दी गई है, जिसका 135 गांवों के ग्रामीण जमकर विरोध कर रहे हैं। इसके लिए बहुजन आंदोलन पार्टी ने आगामी 20 जून को ग्राम सांकरा में किसान ग्रामीणों की बैठक बुलाई है, जिसमें लगभग 20 गांवों के किसान एकजुट होकर स्पंज आयरन संयंत्रों का विरोध एवं क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा करेंगे। अली ने बताया कि तिल्दा एवं आसपास के गांव में ग्रामीणों के जीविकोपार्जन का मुख्य स्त्रोत कृषि है। यह क्षेत्र लगभग पूरी तरह से गंगरेल एवं शिवनाथ नदी के पानी से सिंचित है। यहां उच्च किस्म के धान, गेहूं, सरसों, गन्ना, सब्जी एवं फलों की खेती होती है जो की स्पंज आयरन संयंत्रों के आने से इस प्रकार की फसलें पूरी तरह खत्म हो जाएगी एवं क्षेत्र में काली धूल एवं धुआं का प्रदूषण फैल जाएगा। इससे यहां रह रहे आमजन के स्वास्थ्य पर भी प्रभाव पड़ेगा। 20 जून को सांकरा में हो रही किसान ग्रामीणों बैठक के प्रचार प्रसार के लिए प्रचार वाहन के साथ-साथ बहुजन आंदोलन पार्टी के सदस्यों द्वारा लगभग सभी गांवों में नुक्कड़ सभाओं एवं ग्रामीण चौपाल लगाकर स्पंज आयरन संयंत्रों से होने वाले दुष्प्रभाव को ग्रामीणजन तक पहुंचा रहे हैं और ग्रामीणों से इस लड़ाई को लड़ने के लिए सहयोग मांग रहे हैं, जिसे क्षेत्र के ग्रामीण खुलकर सहयोग दे रहे।



■ बहुजन आंदोलन पार्टी ने 20 गांवों के ग्रामीणों की बुलाई बैठक



# केशला में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

विश्व पर्यावरण दिवस पर आदर्श जनजागरण सेवा समिति केशला द्वारा पर्यावरण दिवस मनाया गया।इस दौरान युवाओं द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर ग्राम के उपरपंच और पर्यावरण प्रेमी लोमश देवांगन ने कहा कि हम जन्म लेने के साथ मृत्यु पर्यन्त तक पर्यावरण के सहारे जीते हैं।

अगर किसी की मृत्यु भी होती है तो जलाने के लिए कम से कम 5 पेड़ के लकड़ियां उपयोग की जाती है, जिसका हमें ध्यान रखना चाहिए कि हम पर पर्यावरण का कोई कर्ज न रहे। जीते जी अधिक से अधिक पेड़ और न हो सके तो कम से कम 10 पेड़ अवश्य लगाएं। अभी तक लोमश देवांगन ने अपने साथियों के मदद से 5 हजार से अधिक पेड़ लगाये हैं और उनका ध्यान रख रहे हैं। इसी तरह चिड़िया, छोटे जीव जन्तुओं के लिए सहारा बनने की बात कही। इस अवसर पर देवेंद्र सिन्हा, संदीप सेन, भुनेश्वर सारथी, तोषण यादव, प्रताप कुमार, छबि देवांगन, संजय सेन सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# अघरिया समाज की वार्षिक बाल सभा में समस्याओं का निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

अखिल भारतीय अघरिया समाज देवरी सोनाखान क्षेत्र की वार्षिक बालसभा ग्राम गनियारी (नगेडा) में आयोजित की गई। इस बाल सभा में एक वर्ष के संपूर्ण आय व्यय की जानकारी दी गई। समस्त ग्राम प्रमुखों से समाज के वरिष्ठजनों से विभिन्न विषयों पर सलाह मशविरा किया गया। साथ ही समस्याओं के प्राप्त आवेदनों का निराकरण भी किया गया। लकेश्वर पटेल को सभापति नियुक्ति किया। इसके बाद कार्यक्रम की शुरूआत हुई।देवानंद नायक, पुनीत राम नायक, प्रेमशिला नायक, नल कुमार पटेल, गोप लाल पटेल, लोकनाथ नायक आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किया। दुर्गा प्रसाद नायक, रामकुमार नायक, तिलक राम नायक, युधिष्ठिर नायक विष्णु पटेल आदि लोगों ने समाज को अपना अपना सुझाव दिए। बालसभा कार्यक्रम समाप्ति के उपरांत समस्त सामाजिक बंधुओं को ग्राम गनियारी के सामाजिक बंधुओं द्वारा भोजन प्रसाद ग्रहण कराया गया, तत्पश्चात वार्षिक बाल सभा कार्यक्रम की समापन किया गया।

## आंगनबाड़ी केंद्रों को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही

# आंबा केंद्र का लोकार्पण, बच्चों को गुलाल लगाकर कराया प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विकासखंड अंतर्गत ग्राम साराडीह में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-2 का लोकार्पण हुआ। इसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य महेंद्र मोनू साहू एवं पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मनोज आडील थे। अतिथियों ने बच्चों को गुलाल लगाकर उनका पारंपरिक स्वागत करते हुए प्रवेश कराया।

लोकार्पण अवसर पर जिला पंचायत सदस्य महेंद्र मोनू साहू ने कहा गांव के बच्चों के समग्र विकास के लिए आंगनबाड़ी केंद्र की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। यह केंद्र न सिर्फ बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा और पोषण उपलब्ध कराता है, बल्कि माताओं को भी जागरूक करने का माध्यम बनता है। सरकार की मंशा है कि हर गांव में ऐसी सुविधाएं सुलभ हो और हम जनप्रतिनिधि के तौर पर इसे धरातल पर उतारने के लिए संकल्पित हैं।





जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज आडील ने कहा कि बच्चों की नींव मजबूत करने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है। ग्रामवासियों में भी इस पहल को लेकर खुशी और उत्साह देखा गया।

कार्यक्रम में सरपंच झूमुक साहू, उपसरपंच बिना साहू, पूर्व सरपंच देवप्रसाद मार्कण्डेय, पंच मोनिका साहू, पुन्नी साहू, गिरधारी चतुर्वेदी, लेखराम साहू, पुन्नी चेलक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता थिरमती साहू एवं कोमीन ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

